1. छात्रों में हिन्दी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
2. छात्रों में शुद्ध व स्पष्ट हिन्दी पढ़ने व लिखने की क्षमता का विकास करना।
3. छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
4. छात्रों को हिन्दी भाषा के महत्व से परिचित कराना।

विशिष्ट उद्देश्य - छात्रों को मीठे बोल कविता बताते हुए उसके महत्व के विषय में बताना।

शिक्षण विधियाँ - प्रश्नोत्तर विधि, स्पष्टीकरण विधि, आदि।

सहायक सामग्री - चाक, डस्टर, लवेट श्यामपट्ट, चित्र एवं मॉडल आदि।

Topic _____ Date. _____

पूर्वज्ञान- छात्र मानव के अंगों के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना प्रश्न-

क्र.सं.	छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका कथन	छात्र कथन
1.	हम लोगों के चेहरे पर क्या-क्या है?	आँख, नाक, कान मुँह आदि।
2.	मुँह का प्रयोग किस लिए करते हैं?	खाने, पीने व बोलने।
3.	बोली कितने प्रकार से बोली जाती है?	मीठी बोली व कड़वी बोली
4.	मीठे बोल कविता के बारे में आप क्या जानते हैं?	समस्यात्मक प्रश्न (मौन)

उद्देश्य कथन- बच्चों आज हम लोग मीठे बोल कविता का विस्तृत अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण -


क्र.सं.	छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका कथन	छात्र कथन
1.	छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका मीठे बोल कविता का उचित हाव भाव व लय के साथ शुद्ध उच्चारण का ध्यान रखकर रसास्वादन करेंगे।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं। छात्र उस का अनुकरण करेंगे।
2.	छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका एक छात्र को पढ़े हुए कविता को पढ़ने के लिए कहेंगे।	

मीठे बोल

मीठा होता खस्ता खाजा।
मीठा होता हलुआ ताजा॥
मीठे होते गट्टे दूध।
सबसे मीठे, मीठे बोल॥
मीठे होते आम निराले।
मीठे होते जामुन काले॥
मीठे होते गन्ने गोल।
सबसे मीठे, मीठे बोल॥







मीठा होता दाख छुहारा
मीठा होता शक्कर पारा॥
मीठा होता रस का घोल
सबसे मीठे, मीठे बोल॥
मीठी होती पेंजा सुहारी
मीठी होती कुलफी न्यारी।
मीठे रसगुल्ले अनमोल
सबसे मीठे, मीठे बोल॥



Topic _____ Date. _____

3.	छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका पाठ के कठिन शब्दों का उच्चारण करेंगे व छात्रों को उच्चारण करने को कहेंगे।	छात्र कठिन शब्द का उच्चारण करेंगे।

काठिन्य निवारण –

शब्द	अर्थ
मीठा	मधुर
शक्कर	चीनी
रस का घोल	सरबत (शरबत)

क्र.सं.	छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका कथन	छात्र कथन
I.	मीठा क्या-क्या होता है?	मौन
II.	सबसे मीठे क्या होता है?	मौन
	स्पष्टीकरण –	
	मीठा होता रसगुल्ला खाजा मीठा होता हलुआ ताजा। मीठे होते गट्टे गोला सबसे मीठे, मीठे बोला।। मीठे होते आम निराले मीठे होते जामुन काले मीठे होते गन्ने गोल सबसे मीठे, मीठे बोला।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे

Topic _____ Date. _____

मीठा होता दाख छुहारा
मीठा होता शक्कर पारा।
मीठा होता रस का घोल
सबसे मीठे, मीठे बोल॥
मीठी होती पुआ सुहारी
मीठी होती कुलफी न्यारी।
मीठे रसगुल्ले अनमोल
सबसे मीठे, मीठे बोल॥

बोधात्मक प्रश्न—

I. खस्ता, खाजा का स्वाद कैसा होता है?
II. जामुन का रंग कैसा होता है?
III. रसगुल्ले कैसे होते हैं?

पुनरावृति प्रश्न-

I. निशा को कौन-सा फूल होता है?
II. गट्टे का आकार कैसा होता है?
III. कैसी बोली बोलनी चाहिए?

निरीक्षण कार्य -

जब छात्र श्यामपट्ट कार्य कर रहे थे तब छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका द्वारा कक्षा में घूम-घूमकर निरीक्षण कार्य किया जायेगा।

गृहकार्य - बच्चों कल घर से इस कविता को याद करके आना है।





Topic Date.

पाठ योजना -4

दिनांक	विषय	समय	कक्षा	अवधि
19-1-21	हिन्दी	35-40 मिनट	3	4

छात्राध्यापिका का नाम:-पूजा अरोड़ा

विद्यालय का नाम:- राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी ल एफ फैज । (19532)

सामान्य उद्देश्य

(i) छात्रों का बौद्धिक और मानसिक विकास कर सकेंगें।

(ii) छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर सकेंगे।

(iii) छात्रों में पर्यावरण के प्रति रुचि उत्पन्न कर सकेंगे।

(iv) छात्रों में विषय से संबंधित कौशलों का विकास कर सकेंगे।


विशिष्ट उद्देश्य

ज्ञानात्मक उद्देश्य:- छात्र भारतीय त्यौहारों के बारें में ज्ञान प्राप्त कर सकेंगें।

बोधात्मक उद्देश्य:- छात्र भारतीय त्यौहारों के बारें में समझ प्राप्त कर सकेंगें।

प्रयोगात्मक उद्देश्य:- छात्र अपने जीवन में भारतीय त्यौहारों से संबंधित शब्दों का सही प्रयोग कर सकेंगे।





Topic _____ Date. _____

सहायक शिक्षण सामग्री

झाड़न, ब्लैकबोर्ड, संकेतक, चॉक, त्यौहारों के चित्र आदि।

पूर्व ज्ञान

	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
प्र०1.	राजा दशरथ के पुत्रों का क्या नाम था।	राम, लक्ष्मण भरत व शत्रुघन
प्र०2.	राम किसका वध करने श्रीलंका गए थे।	रावण का
प्र०3.	रावण का वध करके राम कहा वापिस आये?	अयोध्या
प्र०4.	उस दिन अयोध्या वासियों ने क्या जलाया था?	दीप
प्र०5.	भारतीय त्यौहारों के बारे में आप क्या जानते हैं?	समस्यात्मक प्रश्न

उपविषय की घोषणा

अच्छा बच्चों! आज हम भारतीय त्यौहारों के बारे में पढ़ेंगे।



Topic _____ Date. _____

प्रस्तुतीकरण

क्र./स.	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	विद्यार्थी क्रियाएँ
हिन्दुओं का त्यौहार	हिन्दुओं का मुख्य त्यौहार होली, दीपावली, दशहरा है। दीपावली का त्यौहार कार्तिक मास की अमावस्या को पूरे देश में मनाया है।	
प्रश्न	दीपावली का त्यौहार कब मनाया जाता है?	कार्तिक मास की अमावस्या को
ईसाइयों का त्यौहार	क्रिसमस का त्यौहार ईसाइयों का प्रमुख त्यौहार है। यह विश्व के महान त्यौहारों में से एक है क्रिसमस का त्यौहार ईसा मसीहा के जन्म से संबंधित है।	
प्रश्न	क्रिसमस का त्यौहार किसके जन्म से संबंधित है?	ईसाइ मसीहा
लोहड़ी का त्यौहार	फसलों के त्यौहार को लोहड़ी कहा जाता है यह त्यौहार आमतौर पर सिक्ख और पंजाबी लोग मनाते है।	

Topic _____ Date. _____

प्रश्न:-	लोहड़ी का त्योहार आम तौर पर किस धर्म के लोग मनाते हैं।	सिक्ख और पंजाबी
प्रश्न:- 1.	दशहरा मुख्य रूप से किस धर्म का त्योहार है?	हिन्दुओं का
2.	दशहरा कब मनाया जाता है।	आश्विन शुक्ल दशमी को

पुनरावृत्ति:- सभी बच्चे भारतीय त्योहारों के बारे में जान गए हैं इसमें बताया गया है कि दीपावली दीपों का त्योहार है क्रिसमस ईसाईयों का प्रमुख त्योहार है फसलों के त्योहार को लोहड़ी कहा जाता है।

मूल्यांकन

क्र./स:	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
1.	दीपावली का त्योहार कब मनाया जाता है।	उ:- कार्तिक मास की अमावस्या को
2.	क्रिसमस का त्योहार किसके जन्म से संबंधित है?	उ:- ईसा मसीह
3.	लोहड़ी त्योहार आमतौर पर किस धर्म के लोग मनाते हैं?	उ:- सिक्ख और पंजाबी
4.	दशहरा किसका त्योहार है?	उ:- हिन्दुओं का



Topic _____ Date _____

गृह कार्य

बच्चों पर से हिन्दु त्यौहारों की जानकारी इकट्ठी करके कुछ लाईन लिखकर लाओ।

P. K

Topic _____ Date _____

पाठ योजना -5

विषय	कक्षा	अवधि	कलांश	दिनांक
हिन्दी	3	35 मिनट	4	22-1-21

अध्यापिका का नाम - **पूजा अरोड़ा**

विद्यालय का नाम - राजकीय प्राथमिक विद्यालय डी.ए.ए फेज। (19532)

प्रकरण - जिसने सूरज चाँद बनाया

लर्निंग आउटकम :- बच्चे वर्णमाला पहचानते हैं व लिख लेते हैं सभी अक्षर।
→ अक्षरों को उनकी ध्वनि के साथ बच्चे उच्चारित कर लेते हैं।

शिक्षण सामग्री :- पाठ्य पुस्तक, सूरज चाँद का चित्र (फ्लैश कार्ड) दीक्षा एप के प्रयोग हेतु मोबाइल व स्पीकर।

प्रस्तुतीकरण

क्र.	चरण	समय	आकलन
1.	**शिक्षण के आरम्भ में -**	5 मिनट	प्रतिक्रिया देखकर
✿	बच्चों से शिक्षिका स्थानीय भाषा में बात करते हुए पूँछेगी - आकाश (बादल) में क्या-क्या दिखता है?		
✿	दिन में क्या चन्द्रमा दिखता है?		





Topic _____ Date _____

✿	शिक्षिका सूरज, चाँद तारे व बादल के विषय में बच्चों से सामान्य बातचीत करेगी।		
2.	**शिक्षण के दौरान:-** शिक्षिका कविता का सस्वर आदर्श वाचन करेगी व बच्चों को दोहराने को कहेगी। शिक्षिका बच्चों को दीक्षा एप का प्रयोग करते हुए सम्बन्धित पाठ का वीडियो दिखाएगी। **गतिविधि :-** शिक्षिका बच्चों को प्रकरण से सम्बन्धित छोटी सी एक बाल कविता अभिनय के साथ सुनाएगी।	20 मिनट	सहभागिता के साथ
3.	**शिक्षण के अन्त में:-** शिक्षिका बच्चों से कुछ प्रश्न करेंगी।	5 मिनट	प्रश्नोत्तर


बाल कविता

हुआ सवेरा निकला सूरज

शाम को घर को जायेगा।

जगमग करता चँदा मामा।

तारों के संग आयेगा।



Topic _____ Date _____

प्र०1.	सुबह सूरज किस दिशा में निकलता है?		
प्र०2.	रात में आसमान में क्या-क्या दिखता है?	तारे, चाँद।	

गृहकार्य - शिक्षिका बच्चों को कविता को सही उच्चारण व लय के साथ याद करने को कहेगी।

2. शिक्षिका बच्चों से मानव निर्मित व प्रकृति निर्मित वस्तुओं की निम्न सूची से छाँट कर लाने को कहेगी-

कुर्सी, पेड़, मेज, सूरज, हवा, तारे, पंखा
चाक, झरना, पहाड़

शिक्षण की आगामी योजना - शिक्षिका कक्षा शिक्षण के दौरान फीड़बैक के समय आयी कठिनाइयों को ध्यान में रखकर आगामी कार्य योजना का निर्माण करेगी।

Topic _____ Date _____

पाठ योजना-6

दिनांक	विषय	कक्षा	कलांश	अवधि
28-1-21	हिन्दी	3	4	45 मिनट

छात्राध्यापिका का नाम- पूजा अरोड़ा

विद्यालय का नाम -राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी.ल.एफ फेज-(19532)

प्रकरण:- "प्रकृति की सीख"

लर्निंग आउटकम: i) बच्चों में हिन्दी विषय के प्रति रुचि जागृत करना।
ii. बच्चों को कल्पना शक्ति का अवसर प्रदान करना।
iii. बच्चों को शुद्ध उच्चारण तथा धाराप्रवाह के गति के साथ हिन्दी पढ़ना सिखाना।
iv. बच्चों को हिन्दी वर्तनी की जानकारी प्रदान करना।
v. बच्चों का मानसिक व चारित्रिक विकास करना।

विशिष्ट उद्देश्य: i) पर्वत क्या संदेश लोगों को देता है का ज्ञान बच्चों को हो जाएगा।
ii. बच्चे धैर्यवान बनेंगे चाहे उनपर कितनी भी मुसीबतें आएँ।
iii. बच्चे प्रकृति प्रेमी बनेंगे तथा अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखेंगे।

शिक्षण-सामग्री:- प्राकृतिक दृश्य का चित्र जिसमें पर्वत, नदियाँ आदि हो तथा अन्य कक्षोपयोगी वस्तुएँ।

पूर्व ज्ञान:- बच्चे यह जानते हैं कि भारत देश एक कृषि प्रधान देश है।

Topic _____ Date _____

प्रस्तावना

क्र. स.	छात्राध्यापिका कार्य / क्रियाऐ	विद्यार्थी क्रियाऐ
1.	पृथ्वी पर सबसे जागरूक प्राणी कौन है?	मनुष्य
2.	मनुष्य जीविकोपार्जन के लिए कौन-कौन सा कार्य करता है?	कृषि, व्यवसाय, नौकरी, मजदूरी आदि।
3.	कृषि कार्य के लिए किसान के पास क्या-क्या चीजें होनी चाहिए?	भूमि, बीज, खाद पानी की व्यवस्था आदि।
4.	पर्यायवाची लिखो-भूमि	पृथ्वी
5.	पृथ्वी लोगो को क्या संदेश देती है?	मौन (समस्यात्मक)

बच्चों आज हम लोग "प्रकृति की सीख" कविता का रसास्वादन करेंगे। इस कविता रचयिता श्री सोहन लाल द्विवेदी जी हैं।

पर्वत कहता शीश उठाकर,
तुम भी ऊँचे बन जाओ।
सागर कहता है लहराकर,
मन में गहराई लाओ।
उठ-उठ गिर-गिर तरल तरंग।
भर लो, भर लो अपने मन में,
मीठी-मीठी मृदुल उमंग।
पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो,
कितना ही हो सिर पर भार।
नभ कहता है, फैलो इतना,
ढक लो तुम सारा संसार।

Mahindra Designer

Teacher's Sign .....

Topic _____ Date _____

आदर्श वाचन:- छात्राध्यापक द्वारा उचित लय, आरोह-अवरोह के साथ कविता का आदर्श वाचन किया जाएगा।

अनुकरण वाचन: कतिपय छात्रों द्वारा करवाया जाएगा।

प्रस्तुतीकरण

क्र. स.	छात्राध्यापिका क्रियाऐं	विद्यार्थी क्रियाऐं
प्रश्न 1.	पर्वत हमें क्या संदेश देता है? व्याख्या - पर्वत मनुष्य को शिक्षा देता है कि वह भी महान बने और पर्वत सी ऊँचाई को प्राप्त करे अर्थात उसकी कीर्ति दूर दूर तक फैल जाए।	मौन छात्रध्यान से सुनेंगे।
प्र02.	सागर से हमें क्या सीख मिलती है? व्याख्या - सागर से हमें यह सीख मिलती है कि हमारे मन में और विचारों में गहराई होनी चाहिए।	मौन छात्र ध्यान से सुनेंगें।
प्र03.	तरंग हमें क्या सीख देती है? व्याख्या - तरंग हमें हृदय में उल्लास और उमंग की भावना के साथ जीवन जीने	मौन छात्रध्यान से सुनेंगे।

Mahindra Designer

Teacher's Sign .....

Topic _____ Date _____

	की प्रेरणा देती है।	
प्रश्न 4.	पृथ्वी हमें क्या संदेश देती है? व्याख्या - पृथ्वी कहती है कि कठिन परिस्थितियों में भी हमें अपना धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए।	मौन छात्र ध्यान से सुनेंगे।
प्रश्न 5.	नभ से हमें क्या संदेश मिलता है? व्याख्या - नभ हमें संदेश देता है कि हमें संकीर्ण बातों को त्यागकर विचारों तथा आचरण को विस्तार देना चाहिए।	मौन ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

मूल्यांकन :-

(i) पर्वत क्या संदेश दे रहा है?
(ii) तरंग क्या कहती है?
(iii) संसार को हक लेने की सीख कौन दे रहा है?
(iv) प्रकृति से हमें क्या-क्या सीख मिलती है?
(v) पृथ्वी का एक पर्यायवाची शब्द बताओ।

गृह कार्य :- मिलान करो

क पर्वत	ख धैर्य न छोड़ो।
सागर	ढक लो तुम सारा संसार
तरंग	गहराई लाओ
पृथ्वी	हृदय में उमंग भर लो
नभ	ऊँचे बन जाओ

N.12

Mahindra Designer

Teacher's Sign .....

Topic _____ Date _____

पाठ योजना -7

दिनांक	विषय	समय	कलांश	कक्षा
31-1-21	हिन्दी	35-40 मिनट	4	3

छात्राध्यापिका का नाम- पूजा अरोड़ा

विद्यालय का नाम -राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी ल एफ फैज़ (1532)

प्रकरण:- "मुर्गी और लोमड़ी"

लर्निंग आउटकम:- बच्चे कहानी सुनकर समझ लेते हैं। कहानी को अपनी भाषा में हाव-भाव के साथ सुनाने की समझ रख सकेंगे

सीखने सिखाने की सामग्री:- पेड़ पर बैठा मुर्गा नीचे खड़ी लोमड़ी का एक चार्ट बनाएँ, मुर्गा व लोमड़ी का क्राफ्ट आदि।

सीखने सिखाने की गतिविधियाँ:-

क्र.सं.	चरण	समय	आकलन
(क)	शिक्षण के शुरुआत में- सभी बच्चों से पशु व पक्षियों के बारे में चर्चा करेंगे। बच्चे को कहानी पढ़ाने से पहले लोमड़ी की कोई भी एक कहानी सुनायेंगे। एक लोमड़ी थी वह भोजन की	05 मिनट	सुनकर

Mahindra Designer

Teacher's Sign

Topic _____ Date _____

की तलाश करते-करते एक जंगल में पहुँच गयी वहाँ उसे अंगूर का एक पेड़ दिखाई दिया। जिस पर बहुत सारे अंगूरों के गुच्छे लटके हुए थे अँगूरों को देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया परन्तु अंगूर बहुत ऊंचाई पर थे और लोमड़ी अंगूर तोड़कर नहीं खा पाई तो अन्त में लोमड़ी बोली अंगूर खट्टे हैं।

(ख) **शिक्षण के दौरान:-** बच्चों को चार-2 के समूह में बाँट देंगे फिर मुर्गा और लोमड़ी के चित्र का अवलोकन करके उस पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत करने को कहेंगे। तथा कक्षा में इस कहानी पर अभिनय करने को कहेंगे तथा कहानी को अपने शब्दों में कहेंगे जिससे उन्हें लिंग, वचन विराम चिन्ह का ध्यान देंगे। — 20-25 मिनट — गतिविधि तथा सुनकर व बोलकर

(ग) **शिक्षण के बाद में -** चार्ट पर बने चित्र को दीवार पर टाँगकर बच्चों से प्रश्न करेंगे। — 10 मिनट — प्रश्नोत्तर प्रस्तुतीकरण

प्र01. पेड़ की डाल पर कौन बैठा है?
प्र02. लोमड़ी कहाँ खड़ी है?
प्र03. लोमड़ी ने मुर्गे से क्या कहा?
प्र04. मुर्गे ने अपनी जान कैसे बचाई?
प्र05. तुम इस कहानी को क्या नाम दोगे?

अब शिक्षिका बच्चों के प्रत्याशित उत्तर पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए फीड बैक देंगे।

Mahindra Designer

Teacher's Sign .....


Topic _____ Date _____

गृह कार्य :-

पढ़ी गई कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती हैं। अपने विचार को कुछ पंक्तियों में लिखों।

आगामी योजना :-

"मुर्गा और लोमड़ी" पाठ को उचित आरोह व अवरोह से बिना अटके पढ़ने एवं गतिविधियों को कक्षा में करायें।



Topic _____ Date. _____

पाठ योजना - 4

दिनांक	विषय	समय	कलांश	अवधि Class
17-2-21	हिन्दी	30 मिनट	4	3

छात्राध्यापिका का नाम :- पूजा अरोड़ा (19532)

विद्यालय का नाम :- राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी·ल·एफ फेज-I

लर्निंग आउटकम :- बच्चे भगवान से प्रतिदिन प्रार्थना करते हैं। बच्चे ईश्वर से स्वयं को जोड़ सकेंगे।

प्रकरण :- "प्रार्थना"

सीखने-सिखाने की सामग्री-

पाठ्य-पुस्तक, प्रार्थना से सम्बन्धित चार्ट प्राकृतिक वातावरण आदि।

सीखने-सिखाने की प्रक्रियाएँ / गतिविधियाँ-

क्रम	चरण	अवधि	आकलन
(A)	शिक्षण के आरम्भ में— शिक्षण/शिक्षिका बच्चों के पूर्वज्ञान को परखने के लिए बच्चों से कुछ प्रश्न पूछेंगे—	5 मिनट	प्रश्नोत्तर व प्रतिक्रिया
प्र०-	आप लोग किसकी पूजा करते हैं?		
प्र०-	आपके स्कूल में प्रार्थना में किस देवी माता की पूजा होती है?		
प्र०-	आप लोग किस देश में रहते हैं?		

TELC6

Topic _____ Date. _____

(B) शिक्षण के दौरान -

शिक्षक बच्चों को उचित आरोह-अवरोह के साथ कविता का आदर्शवाचन करना सीखायेंगे और उनसे अनुकरण वाचन करने के लिए कहेंगे।

30 मिनट

सहभागिता व प्रतिक्रिया

देश की माटी ---- विमल बने।

शिक्षक बच्चों को कविता का अर्थ बताते हैं।

प्रस्तुत पाठ में कवि कहता है कि हे भगवान! हमारे देश की मिट्टी हमारे देश का जल, हमारे देश की वायु और हमारे देश के फल, वनस्पति सब मधुर हो जाये, हमारी आपसे विनती है। कवि कहता है कि हमारे देश के घर और घाट देश की वन सम्पति और देश के रास्ते सरलव सुगम हो जाये। यही हमारी प्रार्थना स्वीकार कीजिए।

कवि यह भी प्रार्थना करता है कि हे प्रभु! हमारे देश का तन और मन, देश के भाई-बहन सब स्वच्छ, परोपकारी और भले रहे।

शिक्षक बच्चों को कठिन शब्दों के अर्थ बतायेंगे।

सरस - मधुर
विमल - परोपकारी

(C) शिक्षण के अन्त में -

5 मिनट

प्रतिक्रिया व अवलोकन

Topic _____ Date. _____

	शिक्षण के अन्त में शिक्षक बच्चों से कुछ बोधात्मक प्रश्न करेंगे -
प्र०-1	कवि किसके लिए प्रार्थना कर रहा है?
प्र०-2.	कवि देश के रास्ते को कैसा बनाने के लिए प्रार्थना करता है?
प्र०-3.	कवि देश के लोगों के लिए किससे प्रार्थना कर रहा है?

गृहकार्य -

बच्चो कल से प्रतिदिन स्नान करके ईश्वर की प्रार्थना करके आना है।


लिंग



भाई




बहन



दादा



दादी



चाचा



चाची

Topic _____ Date. _____

पाठ योजना-१

छात्राध्यापिका का नाम-पूजा अरोड़ा

विद्यालय का नाम-राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी·एल·एफ ·फेज (19532)

विषय- हिन्दी **उपविषय-**लिंग और उसके भेद

कक्षा- तीसरी 'सी' **दिनांक-** 16-2-21 **अवधि-** 40मिन्ट

सामान्य उद्देश्य (General objective)

- ☆ व्याकरण के व्यवहारिक पक्ष पर बल देना।
- ☆ शिक्षार्थियों में शुद्ध भाषा के प्रयोग के लिए व्याकरण के अध्ययन में रुचि विकसित करना।
- ☆ शिक्षार्थियों में भाषा के शुद्ध रूप के प्रयोग करने की आदत का विकास करना।

विशिष्ट उद्देश्य (Specific objective)

छात्रों को लिंग और उसके भेदों से अवगत कराना।

सहायक सामग्री (Teaching Aids)

श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, उदाहरण इत्यादि।

पूर्व ज्ञान (Previous knowledge)


छात्राध्यापिका प्रश्न	छात्र संभावित उत्तर



भाई-बहन / लड़का -लड़की

मोर





मोरनी

Topic _____ Date. _____

प्र०1.	कुछ आदमियों के नाम बताओ	उ०1. राम, रोहन, करण, अमित आदि।
प्र०2.	कुछ स्त्रियों के नाम बताओ।	उ०2. सीता, गीता, पूजा आदि।
प्र०3.	राम, रोहन, करण आदि नाम क्या स्त्रियों के हो सकते हैं?	उ०3. नहीं, ये नाम स्त्रियों के नहीं हो सकते।
प्र०4.	सीता, गीता, पूजा आदि नाम क्या आदमियों के हो सकते हैं?	उ०4. नहीं, ये नाम आदमियों के नहीं हो सकते।
प्र०5.	बच्चों क्या आप बता सकते हैं कि हम आदमियों को स्त्रियों के नाम और स्त्रियों को आदमियों के नाम क्यों नहीं दे सकते?	उ०5. कोई उत्तर नहीं।

उपविषय की घोषणा :- बच्चों को अपने अन्तिम प्रश्न का उत्तर न देते हुए देखकर छात्राध्यापिका अपना विषय घोषित करेंगी कि बच्चों हम आज लिंग और उसके भेदों के बारे में पढ़ेंगे।

प्रस्तुतिकरण :-

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	श्यामपट्ट कार्य
लिंग की परिभाषा	छात्राध्यापिका बच्चों को लिंग की परिभाषा बताएगी शब्द के जिस रूप से स्त्री या पुरुष जाति का बोध हो उसे लिंग कहते हैं।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे और समझने का प्रयत्न करेंगे।	

TELC

Teacher's Sign.....

Topic _____ Date. _____

लिंग के भेद	छात्राध्यापिका बच्चों को लिंग के दोनों भेद के बारे में बताएगी	छात्र भेदों को समझने का प्रयत्न करेंगे और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।	
पुल्लिंग	पुल्लिंग - जिन शब्दों से पुरुष जाति का बोध हो वह शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं। उदाहरण राजा, नाना कुत्ता, बैल, शेर आदि।		
स्त्रीलिंग	स्त्रीलिंग - जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध हो, वह शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं। उदाहरण, रानी नानी, कुत्तिया, गाय, शेरनी आदि।		उदाहरण - रानी, नानी, कुतिया, गाय शेरनी आदि।
उदाहरण	छात्राध्यापिका बच्चों को लिंग के कुछ उदाहरण करवाएगी। जैसे:- 1. पुत्र - पुत्री 2. भाई - बहन 3. मामा - मामी 4. माता - पिता 5. लड़का - लड़की	छात्र उदाहरणों का उच्चारण करेंगे और अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।	

TELC®

Teacher's Sign.....

Topic _____ Date. _____

पुनरावृत्ति


छात्राध्यापिका बच्चों से अपने द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन करेगी।

1. लिंग किसे कहते हैं?
2. लिंग के कितने भेद होते हैं?
3. पुल्लिंग किसका बोध करवाते हैं?
4. स्त्रीलिंग किसका बोध करवाते हैं?

गृहकार्य

दिए गए शब्दों के लिंग बदलो-

1. चूहा -
2. छात्र -
3. राजा -
4. नर
5. श्रीमान -
6. बालक -
7. बेटा -
8. धोबी -



Topic _____ Date _____

पाठ योजना -10

दिनाँक	कक्षा	विषय	समय	कलांश
15-2-21	3	हिन्दी	30-35 मि०	4

छात्राध्यापिका का नाम:- **पूजा अरोड़ा**

विद्यालय का नाम:- राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी.ल.एफ.फेज-1

लर्निंग आउटकम:- 1. शैचक प्रसगों (1932) को क्रमबद्ध रूप से अपनी भाषा में व्यक्त करते हैं।
2. अपने दक्षता अनुसार कहानी पर आधारित मौखिक और लिखित कार्य करते हैं।
3. अपने भाव चित्रों के माध्यम से व्यक्त कर पाते हैं।

प्रकरण:- "मुर्गा और लोमडी"

शिक्षण अधिगम सामग्री:- पाठ्य पुस्तिका, ग्रीन बोर्ड, डस्टर चाक एवं दीक्षा एप पर उपलब्ध सामग्री।

सीखने सिखाने की प्रक्रिया एवं गतिविधियां:-

क्र.सं.	चरण	अवधि	आकलन के तरीके
क)	शिक्षण के प्रारंभ में शिक्षक छात्रों से निम्नलिखित प्रश्न पूछेंगे।	5 मिनट	अवलोकन एवं प्रश्नोत्तर
1.	मुर्गे की आवाज खुद निकालेंगे और पूछेंगे कि किसकी आवाज है?		
2.	'अंगूर खट्टे है' यह कहानी किस		

TELC©

Topic _____ Date. _____

	जानवर से संबंधित है? 3. लोमड़ी चालाक होती है या बेवकूफ? 4. क्या आपने कभी मुर्गी और लोमड़ी की कहानी सुनी है?		
ख.	शिक्षण के दौरान:- शिक्षक छात्रों के समक्ष कहानी 'मुर्गे और लोमड़ी दोनों की अलग-अलग आवाज निकालकार पढ़ेंगे। छात्र उत्सुकता के साथ कहानी सुनेंगे। शिक्षक छात्रों से कहानी का अभिनय कक्षा में करायेंगे छात्र अपनी-अपनी भूमिका का निर्वहन भली प्रकार से करेंगे तथा अन्य छात्र रुचि-पूर्वक अभिनय को देखेंगे।	25 मिनट	अवलोकन एवं सहभागिता
ग.	शिक्षण के अंत में:- शिक्षक छात्रों से पूछेंगे कि कौन सा कथन किसने कहा? 1. सभी पशु-पक्षियों में समझौता हो गया है। 2. कुछ शिकारी कुत्ते तेजी से इस ओर दौड़े चले आ रहे हैं। 3. लगता है शिकारी कुत्तों ने अभी यह समाचार नहीं सुना।	5 मिनट	अवलोकन एवं प्रश्नोत्तर

गृह कार्य:- सभी छात्र 'मुर्गा और लोमड़ी' नामक पाठ में जो चित्र बना है उसे बना कर लाएंगे।

D.12

TELC

Topic _____ Date _____

पाठ-योजना -II

दिनाँक	कक्षा	विषय	समय	कलांश
19-2-21	3	हिन्दी	40 मिनट	3

दात्राध्यायक/दात्राध्यायिका का नाम - पूजा अरोड़ा

विद्यालय का नाम - राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी.ल.एफ फ़ैज़ (19582032)

प्रकरण:- 'घुमक्कड़ तारक'

सामान्य उद्देश्य:- पाठ/प्रसंगों/कहानी को समझकर हाव-भाव से सुनाते हैं एवं सुनकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।

शिक्षण सामग्री - पाठ से सम्बन्धित चित्र, चॉक, डस्टर आदि।

सीखने-सिखाने की प्रक्रियाएं एवं गतिविधियाँ -

क्र.स.	चरण	समय	आकलन
(क)	शिक्षण के आरम्भ में - शिक्षिका द्वारा बच्चों को पूछे गए प्रश्न -	10 मिनट	प्रतिक्रिया एवं सह-भागिता
1.	मछली कहाँ रहती है?		
2.	पानी में पाये जाने वाले कुछ जन्तुओं के नाम बताओ।		
3.	क्या आपने समुद्र देखा है?		
4.	पानी में पाये जाने वाले कुछ पौधों के नाम बताओ।		
5.	समुद्र में पाए जाने वाले जीव-जन्तुओं के नाम बताओ।		

Mahindra Designer

Teacher's Sign _____

Topic _____ Date _____

29	शिक्षण के दौरान -शिक्षिका पढ़ाये जाने वाले पाठ / प्रकरण का आदर्श- वाचन करेगी एवं छात्र - छात्राओं से अनुकरण वाचन करायेगी। शिक्षिका बच्चों को पाठ से जोड़ रखने के लिए सवाल -जबाब करती रहेगी एवं पाठ का सारांश बच्चों को भावपूर्ण समझायेगी।	20 मिनट	प्रतिक्रिया एवं सहभागिता द्वारा
	गतिविधि - (2 समूह बनाकर) एक समूह से समुद्र में रहने वाले जन्तुओं के नाम एवं दूसरे समूह से समुद्र में पाये जाने वाले पौधों के नामों को व्यक्त करने के लिए अवसर प्रदान करेंगे।		गतिविधि से बच्चों की प्रतिभागिता देखकर
	ग) शिक्षण के बाद - शिक्षिका द्वारा बच्चों में प्रस्तुत प्रकरण से कितना सीखा यह जानने के लिए बच्चों से कुछ प्रश्न किये जायेंगे। बच्चे स्थानीय व मानक भाषा में उत्तर देते हैं, परंतु शिक्षिका द्वारा मानक भाषा का प्रयोग कर प्रश्नों के उत्तर बोर्ड पर लिखे जायेंगे - 1. तारक ने समुद्र में क्या-क्या देखा? 2. कौन सा जीव हाथी से कई गुना बड़ा होता है? 3. कौन सी मछली बातूनी कहलाती है? 4. हीरक और तारक में कौन बड़ा था?		प्रतिक्रिया एवं सहभागिता देखकर

Mahindra Designer


Teacher's Sign _____

Topic _____ Date _____

गृह कार्य- समुद्र में पाये जाने वाले जीव-जन्तुओं के चित्र बनाओ।

आगामी कार्य योजना-

पाठ की पुनरावृत्ति एवं अभ्यास कार्य कराना।



Topic _____ Date. _____

पाठ योजना -12

विद्यालय का नाम- राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी.ल.एफ फ़ेज-1 (19532)

छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका का नाम- पूजा अरोड़ा

दिनांक	कक्षा	विषय	कालांश	अवधि
12-2-21	3	हिन्दी	4	40 मिनट

सामान्य उद्देश्य :-

1. छात्रों में हिन्दी भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करना
2. छात्रों के शुद्ध भण्डार में वृद्धि करना।
3. वाक्य में प्रयुक्त शब्दों की शुद्धता एवं अशुद्धता समझने की योग्यता उत्पन्न करना।
4. छात्रों की कल्पना शक्ति का विकास करना।

विशिष्ट उद्देश्य – छात्रों को चाँद का कुरता' नामक कविता पढ़ाकर एक बच्चे के रूप में चाँद की चंचलता को बताया गया है।

सहायक सामग्री – कक्षायोगी समस्त शिक्षण सामग्री चन्द्रमा की विभिन्न क्रियाओं वाला चित्र।

प्रस्तावना

क्र.सं.	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
1.	पक्षी कहाँ पर उड़ते हैं?	आसमान में
2.	आसमान में रात में क्या-2 दिखता है?	चाँद-तारे
3.	चाँद के बारे में आप क्या जानते हो?	समस्यात्मक प्रश्न

Topic _____ Date _____

उद्देश्य कथन :-

बच्चो! आज हम 'चाँद का कुरता' नामक पाठ का अध्ययन करेंगे।

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
छात्राध्यापिका शुद्ध उच्चारण के साथ सस्वर वाचन करेगी। हठ कर बैठा चाँद ----- बदन में आये।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
छात्राध्यापिका कतिपय छात्रों से बारी बारी से वाचन करने को कहेंगी।	छात्र अनुकरण वाचन करेंगे।

भावार्थ

इस कविता में बताया गया है कि चाँद उसकी माता से हठ कर बैठा कि माँ मुझे रुक ऊन का झिंगोला यानि कुरता सिलवा दो ताकि रात में हवा चले तो मुझे ठण्ड न लगे। और अगर तुम नहीं सिल सकती तो किशन का ही कुरता ला दो। चाँद की बात सुनकर माता ने कहा कि ईश्वर तुझे सदा अच्छा रखे। सर्दी के कारण तुम्हे ठण्ड लगती है लेकिन अगर मैं कुरता सीऊँ तो किस नाप का क्योंकि तेरा बदन तो रोज़ाना घटता बढ़ता रहता है।

बोधात्मक प्रश्न

प्र०। चाँद अपनी माता से क्या हठ करता है?
उ०। चाँद अपनी माता से कुरता सिलवाने की हठ करता है।

Topic _____ Date. _____

प्र02. चाँद के एक ही नाप का कुर्ता क्यों नहीं सिल सकता है?
उ०. क्योंकि चाँद कभी एक नाप का नहीं रहता घटता-बढ़ता रहता है।

श्यामपट्ट कार्य

कठिन शब्द

हठ - ज़िद
झिंगोला - झबला, कुरता
बदन - शरीर

निरीक्षण कार्य:- छात्राध्यापिका छात्रों को श्यामपट्ट कार्य अभ्यास पुस्तिका पर उतारने को कहेगी तथा कक्षा में घूमकर निरीक्षण करेगी।

गृह कार्य:- बच्चों! कल कविता याद करके आना।

Topic _____ Date _____

पाठ योजना-13

दिनाँक	कक्षा	विषय	समय	कलांश
11-2-21	3	हिन्दी	40 मिनट	3

छात्राध्यापक/छात्राध्यायिका का नाम- पूजा अरोड़ा

विद्यालय का नाम- राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी·ल·एफ कैंज-1 (19532)

प्रकरण - 'सुभाष चन्द्र बोस'

सामान्य उद्देश्य -

1. छात्रों में हिन्दी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
2. छात्रों में शुद्ध व स्पष्ट हिन्दी पढ़ने व लिखने की क्षमता का विकास करना।
3. छात्रों का हिन्दी भाषा के महत्व से परिचित कराना।
4. छात्रों के हिन्दी विषय के द्वारा कल्पना शक्ति का विकास करना।

विशिष्ट उद्देश्य

I. छात्र क्रान्तिकारी नेताओं के बारे में जान सकेंगे।
II. छात्र क्रान्तिकारी नेताओं के कार्यों को समझ सकेंगे।

शिक्षण सामग्री- व्याख्यान विधी, चित्र एंव मॉडला चॉक डस्टर, श्यामपट्ट आदि।

पूर्वज्ञान- छात्र अंग्रेजों व आजादी दिलाने वाले क्रान्तिकारी नेताओं के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना

Mahindra Designer

Teacher's Sign .....



Topic _____ Date _____

क्र.सं.	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
1.	हम किस देश में रहते हैं?	भारत
2.	हमारे भारत देश को कौन गुलाम बनाया था?	अंग्रेजो ने
3.	अंग्रेजों की गुलामी से किन-किन क्रान्तिकारी नेताओं ने आजादी दिलवाई थी?	चन्द्रशेखर आजाद, सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह, गाँधी जी आदि।
4.	सुभाष चन्द्र बोस नामक पाठ के बारे में क्या जानते हैं?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन

बच्चों आज हम लोग "सुभाष चन्द्र बोस" नामक पाठ के बारे में विस्तृत अध्ययन करेंगे।

प्रथम अनुभूति

प्रस्तुतीकरण

सुभाष चन्द्र बोस----------प्रथम आते थे।

आदर्श वाचन-छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका द्वारा उचित एवं स्पष्ट उच्चारण तथा आरोह, अवरोह एवं विराम चिन्हों को ध्यान में रखकर गद्यांश का आदर्श वाचन किया जायेगा।

अनुकरण वाचन- कक्षा में छात्रों द्वारा गद्यांश का अनुकरण वाचन किया जायेगा।

श्यामपट्ट कार्य

Mahindra Designer

Teacher's Sign .....

Topic _____ Date _____

शब्द	अर्थ
जन्म	पैदा होना
उम्र	आयु
प्रारम्भ	शुरू
उत्तीर्ण	परीक्षा में सफल होना
प्रण	निश्चय

प्रस्तावना

क्र.स	प्राध्यापिका कथन	विद्यार्थी कथन
1.	सुभाषचन्द्र बोस का जन्म कब हुआ था?	23 जनवरी 1897
2.	कटक किस राज्य में है?	उड़ीसा
3.	सुभाष चन्द्र बोस पढ़ने में कैसे थे?	अच्छे थे।
	व्याख्या - सुभाष चन्द्र बोस कटक में 23 जनवरी 1897 में पैदा हुए थे। कटक उड़ीसा राज्य में है। उनके पिता सरकारी वकील था जब वे 5 साल के आयु के थे तब से ही उनकी शिक्षा शुरू हुआ। वे पढ़ने में बहुत अच्छे थे। और वे कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करते थे।	

द्वितीय अन्विति

बी.ए. उत्तीर्ण ---------- आन्दोलन में भाग लिया।

आदर्श वाचन - पूर्ववत्

Mahindra Designer

Teacher's Sign _____

Topic _____ Date _____

क्र.सं.	छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका कथन	छात्र कथन
1.	बी.ए के बाद कौन-सा परीक्षा पास किये?	I.A.S
2.	भारत लौटने पर क्या नहीं करने के लिए तय किया?	नौकरी
.	सुभाषचन्द्र बोस भारत को आजाद कराने का क्या लिया?	प्रण
	व्याख्या-B.A पास होने के बाद सुभाष चन्द्र बोस ने इंग्लैंड जाकर I.A.S की परीक्षा पास की। उस समय सरकारी नौकरी के लिए सबसे कठिन परीक्षा माना जाता था। भारत आने के बाद ने सरकारी नौकरी नहीं करने का निश्चय किया। उस समय देश में स्वतन्त्रता का आन्दोलन चल रहा था और उसी आन्दोलन में वे कूद पड़े।	

पुनरावृत्ति -

1. सुभाष चन्द्र बोस का जन्म कब हुआ था?
2. बी.ए के बाद कौन सी परीक्षा उत्तीर्ण किया?
3. सुभाष चन्द्र बोस ने भारत का आज़ाद कराने के लिए क्या किया?

निरीक्षण कार्य - जब छात्र श्यामपट्ट कार्य कर रहे थे तो छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका द्वारा कक्षा में घूम-घूमकर निरीक्षण कार्य किया जायेगा।

गृहकार्य - सुभाष चन्द्र बोस के बारे में घर से पढ़कर आना है।

Mahindra Designer

Teacher's Sign .....

Topic _____ Date. _____

पाठ योजना -14

दिनांक	कक्षा	विषय	अवधि
6-2-21	3	हिन्दी	40-45 मिनट

छात्राध्यापिका का नाम:- **पूजा अरोड़ा**

विद्यालय का नाम - राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी.ल.एफ फैज। (19532)

सामान्य उद्देश्य:-

- छात्रों को व्याकरण के विभिन्न प्रकारों का ज्ञान प्रदान करना।
- छात्रों में व्याकरण के प्रतिरुचि उत्पन्न करना।
- छात्रों को व्याकरण के विभिन्न नियमों के प्रयोगों का ज्ञान प्रदान करना।
- छात्रों को व्याकरण के विभिन्न नियमों के प्रयोगों का ज्ञान प्रदान करना
- छात्रों को व्याकरण संबंधी विभिन्न नियमों का ज्ञान प्रदान करना।

विशिष्ट उद्देश्य

ज्ञानात्मक:-

छात्र संज्ञा की परिभाषा का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे।

छात्र संज्ञा के विभिन्न प्रकारों का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे।

छात्र संज्ञा के विभिन्न प्रकारों की पहचान कर सकेंगे।

TELCO

Teacher's Sign

Topic _____ Date. _____

बोध्यात्मक :-

छात्र संज्ञा के विभिन्न प्रकारों का अपने जीवन से संबंध स्थापित कर सकेंगे।

छात्र संज्ञा के विभिन्न प्रकारों के उदाहरण दे सकेंगे।

छात्र संज्ञा के विभिन्न प्रकारों में विभेदकर सकेंगे।

छात्र संज्ञा के विभिन्न प्रकारों की पुष्टि कर सकेंगे।

अनुप्रयोगात्मक

छात्र संज्ञा के विभिन्न प्रकारों के सम्बन्ध में कारण स्पष्ट कर सकेंगे।

छात्र संज्ञा की परिभाषा के आधार पर परिकल्पनाओं का निर्माण कर सकेंगे।


छात्र संज्ञा की परिभाषा के आधार पर पूर्वकथन कर सकेंगे।

छात्र संज्ञा की परिभाषा के आधार पर पूर्वकथन कर सकेंगे।

सृजनात्मक :-

छात्र संज्ञा के विभिन्न प्रकारों का विश्लेषण कर सकेंगे।

छात्र संज्ञा के विभिन्न प्रकारों के आधार पर नये वाक्यों का संश्लेषण कर सकेंगे।



Topic _____ Date. _____

सहायक सामग्री:- चाक, झाड़न, लेपेट श्यामपट्ट, संकेतक आदि

सामान्य :-

विशिष्ट :- संज्ञा के विभिन्न प्रकारों एवं उदाहरणों को दर्शाता हुआ चार्ट।

पूर्वज्ञान - छात्रों को व्यक्तियों, वस्तुओं तथा स्थानों के नामों की पहचान है। छात्र चार्ट पर लिखे उदाहरणों को वर्गीकृत कर सकते हैं।

क्र.सं.	छात्राध्यापिका क्रियाऐं	छात्र क्रियाऐं
	शिक्षण के आरम्भ में :-	
	छात्राध्यापिका छात्रों को चार्ट दर्शाते हुए निम्नलिखित प्रश्न करती हैं-	
प्र०1-	बाजार कौन गया है?	उ० रीमा
प्र०2.	रीमा किसका नाम है?	रीमा लड़की का नाम है।
प्र०3.	रीमा बाजार से क्या लायी?	पुस्तक
प्र०4.	पुस्तक क्या है?	वस्तु
प्र०5.	आगरा किसका नाम है?	एक शहर का

Topic _____ Date. _____

उद्देश्य कथन :- छात्रों आज हम संज्ञा की परिभाषा एवं संज्ञा के विभिन्न भेदों का अध्ययन करेंगे।

क्र.स	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	विद्यार्थी क्रियाएँ
	छात्राध्यापिका छात्रों से चार्ट पर लिखे वाक्यों को पढने के लिए कहती हैं।	छात्र चार्ट पर लिखे हुए वाक्य पढ़ते हैं।
	वाक्यो को पढ़ने के पश्चात छात्राध्यापिका छात्रों से निम्नलिखित प्रश्न करती हैं-	
प्र०1.	गुलाब का फूल किसके हाथ में है?	गुलाब का फूल राम के हाथ में है।
प्र०2.	राम किसका नाम है?	राम लड़के का नाम है।
प्र०3.	राम के हाथ में क्या है?	राम के हाथ में फूल है।
प्र०4.	फूल क्या है?	फूल एक वस्तु है।
प्र०5.	इस कक्ष में कौन-2 सी वस्तुएँ हैं?	इस कक्ष में मेज, कुर्सी चाक, श्यामपट्ट आदि वस्तुएं हैं।
प्र०6.	देहरादून किसका नाम है?	देहरादून एक स्थान का नाम है।
	उपरोक्त रेखांकित शब्दों में क्या समानता है?	ये शब्द किसी वस्तु व्यक्ति तथा स्थान के नाम हैं

Teacher's Sign.....

Topic _____ Date. _____

क्र.स.	छात्राध्यापिका कथन	विद्यार्थी कथन
	छात्राध्यापिका कथनः-छात्राध्यापिका संज्ञा की परिभाषा दर्शाता हुआ एक चार्ट प्रदर्शित करती है।	
	छात्राध्यापिका निम्नलिखित वाक्य श्यामपट्ट पर लिखने के पश्चात् छात्रों से प्रश्न करती हैं।	
		छात्र उत्तर देते हैं।
संज्ञा के भेद जाति-वाचक संज्ञा	छात्राध्यापिका छात्रों से बोर्ड पर लिखे वाक्यों को पढ़ने के लिए कहती है।	छात्र ध्यानपूर्वक पढ़ते हैं।
	बोर्ड पर लिखे वाक्यों को पढ़ने के पश्चात् छात्राध्यापिका छात्रों से प्रश्न करती है-	
प्र०-	घोड़ा व हाथी शब्द से किसका बोध होता है?	उ०) घोड़ा व हाथी शब्द से जानवरों (पशुओं की विशेष जाति का बोध होता है।
	छात्राध्यापिका कथन- छात्राध्यापिका जातिवाचक संज्ञा की परिभाषा बताते हुए परिभाषा को श्यामपट्ट पर लिखती हैं।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं।
	छात्राध्यापिका छात्रों को निम्न-लिखित वाक्य श्यामपट्ट पर लिखने के पश्चात् प्रश्न करती है।	

Topic _____ Date. _____

क्र.स.	छात्राध्यापिका कथन	विद्यार्थी	कथन
पुनरा-वृत्ति	छात्राध्यापिका छात्रों से पढ़ाये गये पाठ के आधार पर प्रश्न करती हैं।	छात्र उत्तर छात्र उत्तर	देते हैं। देते हैं।
गृह-कार्य	संज्ञा की परिभाषा याद करके लिखें।		

NR

Topic _____ Date _____

पाठ योजना -15

दिनाँक	कक्षा	विषय	समय	कंलाश
11-2-21	3	हिन्दी	35 मिनट	4

छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका का नाम- **पूजा अरोड़ा**

विद्यालय का नाम- राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी ल एफ कैज (19532)

लर्निंग आउटकम :-

बच्चे कविता को उचित आरोह अवरोह से पढ़ते हैं। देश प्रेम की भावना विकसित हुई। भारत के शहरों के बारे में सामान्य जानकारी है। अपनी यात्रा या रोचक प्रसंग का वर्णन कर सकते हैं।

प्रकरण :- भारत है मेरा घर

शिक्षण सामग्री - पाठ्य पुस्तक, नक्शा, मोबाइल।

सीखने-सिखाने की गतिविधियां -

क्र.सं.	चरण	समय	आंकलन
1.	**शिक्षण की शुरुआत में**- बच्चों गर्मियों की छुट्टियों में आप लोग घूमने जाते होंगे न नानी के घर या बुआ के घर--रास्ते में कितने शहर और गांव पड़ते हैं देखा ही होगा तुम सबने क्या तुमने सोचा कभी कि हमारे देश में कितने बड़े बड़े और अलग अलग शहर	5 मिनट	बच्चों की प्रतिक्रिया एवं सहभागिता के अनुसार

Mahindra Designer

Teacher's Sign .....

Topic _____ Date _____

	और गांव है ठीक वैसे ही जैसे हमारे घर में या स्कूल में अलग अलग कमरे हैं इसमें कमरे भले ही अलग हों लेकिन लेकिन पूरा स्कूल और घर है तो हमारा अपना हीन तो चलो आज अपने प्यारे भारत की सैर पर निकलते हैं और पता है हमें घुमाने कौन ले जायेगी? रानी बिटिया तो चलो रानी बिटिया के साथ हम भी अपने प्यारे भारत की सैर करते हैं।		
ख)	**शिक्षण के दौरान** - बच्चों के साथ उचित आरोह अवरोह के साथ कविता का वाचन करेंगे। और दीक्षा ऐप के जरिये कविता का विडियो दिखाएंगे। नक्शे के जरिये रानी बिटिया के घुमे शहर दिखाएँगे। शहरों के नाम बोर्ड पर लिख देंगे।	20 मिनट	बच्चों की प्रतिक्रिया के अनुसार
ग)	**शिक्षण के उपरांत** - बच्चों से पूछेंगे रानी बिटिया कहाँ-कहाँ गयी थी। एक बच्चे को एक ही शहर का नाम बताना होगा। कविता में आए प्रश्न बच्चों से करेंगे।	10 मिनट	

गृहकार्य - बच्चों को कविता का अध्ययन करने को कहेंगे और शहरों के नाम लिख कर लाने होंगे जो कविता में आए हैं।

N.A.

Mahindra Pedagogy

Teacher's Sign

E.V.S LESSON PLAN

CLASS 3RD

Topic _____ Date. _____

पाठ योजना-1

दिनाँक	विषय	कक्षा	कक्षांश	अवधि
8-1-21	पर्यावरण	3	4	40-45 मिनट

छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका का नाम:- पूजा अरोड़ा

विद्यालय का नाम:- राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी.ल.एफ फेज 1.


सीखने के प्रतिफल → बच्चों में बड़े-बुजुर्गों के प्रति सम्मान व सेवा भाव तथा विशिष्ट आवश्यकता वाले व्यक्तियों के प्रति सम्मान व सहायता करने की भावना विकसित हुई है।

प्रकरण:- यह है मेरा परिवार

सीखने-सिखाने की सामग्री:- परिवार के सदस्यों के फोटोग्राफ्स।

सीखने सिखाने की प्रक्रिया/गतिविधियाँ:-

क्र.सं.	चरण	अवधि	आकलन
क0	शिक्षण के आरम्भ में:- • बच्चों को प्रकरण से जोड़ने के लिए शिक्षक उनसे कुछ प्रश्न पूछेंगे -	5 मिनट	परिचर्चा
प्र0।	आपके परिवार में कितने सदस्य हैं? (बच्चे एक-एक करके उत्तर देंगे।)		





Topic _____ Date. _____

प्र02. तुम्हारे परिवार का मुखिया कौन है।

उपरोक्त परिचर्चा के बाद शिक्षक बच्चों से कहेंगे कि आज हम 'यह है मेरा परिवार' पाठ पढ़ेंगे।


शिक्षण के दौरान-

शिक्षक बच्चों को बताएँगे कि बच्चों परिवार हमारी पहली पाठशाला है। हम अपने परिवार से ही सबसे पहले सीखना शुरू करते हैं।
आओ जानें कि परिवार के क्या लाभ है-

→ परिवार के लोग एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करते हैं।
→ मुसीबत के समय परिवार के सभी सदस्य सहायता करते हैं।
→ साथ मिलकर त्योहार मानते और खेलते हैं।
→ परिवार के लोग मिल-जुलकर कार्य करते हैं।

☆ परिवार का सबसे जिम्मेदार सदस्य परिवार का मुखिया कहलाता है। वह सबकी जरूरतों का ध्यान रखता है। सबकी बातें सुनता है और सबके साथ एक जैसा व्यवहार करता है।

20 मिनट | परिचर्चा


पिता
भाई
Our Family
माँ
बहन

Topic _____ Date. _____

बच्चों! हमें अपने परिवार के बड़े-बुजुर्गों का आदर और सेवा करनी चाहिए। हमें उनकी आज्ञा का पालन भी करना चाहिए।

ग. शिक्षण के पश्चात्:- (10 मिनट)


शिक्षक बच्चों को एक तालिका भरने के लिए देंगे-

काम	कौन करता है?
खाना बनाना	
खाना परोसना	
पानी भरना	
कपड़े धोना	
पढ़ाई में मदद करना	

तुम्हारे परिवार में कौन इन कार्यों को करता है?

गृह कार्य:- (5 मिनट)

अपने परिवार का 'फैमिली ट्री' बनाओ।
(फोटोग्राफ्स चिपकाकर)



Topic _____ Date. _____

पाठ योजना -1

छात्राध्यापिका का नाम - पूजा अरोड़ा

विद्यालय का नाम -राजकीय प्राथमिक पाठशाला डी·ल·एफ फेज -1 19532

विषय -पर्यावरण **अवधि - 40 मिनट**

कक्षा - 'तीसरी' **क्लांश -**

प्रकरण - "जल प्रदूषण"

सामान्य उद्देश्य:- विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति रूचि उत्पन्न करना।

i. विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना।
ii. विद्यार्थियों को पर्यावरण के नियमों से अवगत कराना।
iii. विद्यार्थियों को पर्यावरण के पठन-पाठन में निपुण करना।
iv. विद्यार्थियों में क्रियात्मक अभिवृद्धि का विकास करना।
v. विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रयोगों से अवगत कराना।
vi.

विशिष्ट उद्देश्य:- विद्यार्थियों को जल प्रदूषण के बारें में विस्तार से समझाना।

शिक्षण सामग्री:- चॉक ,डस्टर, लर्पेट श्यामपट्ट,चार्ट,पांइटर, पाठ्य पुस्तक।

पूर्व ज्ञान :- विद्यार्थी जल में होनें वाली सामान्य अशुद्धियों से परिचित करना हैं।

प्रस्तावना :-





Topic _____ Date. _____

क्र./स.	छात्राध्यापिका कथन	विद्यार्थी कथन
प्र०1.	हमें जीवन जीने के लिए कौन-सी चीजें आवश्यक हैं?	जल, ऑक्सीजन, भोजन
प्र०2.	हम जल का प्रयोग किन-किन कार्यों में करते हैं?	खाना बनाने, नहाने इत्यादि।
प्र०3.	जब जल में अपशिष्ट पदार्थ मिल जाते हैं तो वह कैसा हो जाता है?	गंदा/अस्वच्छ
प्र०4.	इस अस्वच्छ जल को क्या कहते हैं?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन:- अस्वच्छ जल को प्रदूषित जल कहते हैं और आज हम जल प्रदूषण के बारे में अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण

क्र.स.	शिक्षण बिन्दु	अध्यापिका कथन	विद्यार्थी कथन
	जल प्रदूषण	सभी जीवधारियों के लिए आवश्यक है अनेक हानिकारक पदार्थों के जल में घुलने से जल प्रदूषित हो जाता है। इस प्रकार जल का प्रदूषित होना ही जल प्रदूषण कहते हैं। उद्योगों द्वारा छोड़े गये रासायनिक पदार्थ घरेलू अपशिष्ट से भी जल प्रदूषित होता है।	विद्यार्थी ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
	जल प्रदूषण के कारण	वाहित मल का निकास जब नदी, तालाब या अन्य जल	विद्यार्थी ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

Topic _____ Date. _____

	स्त्रोतों में वाहित मल मूत्र आदि अपशिष्ट छोड़े जाते हैं। तो जल प्रदूषित हो जाता है	व लिखेंगे।
	2. खेतों में अत्याधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने से भी जल प्रदूषित होता है।	
	3. घरेलू व जानवरों से उत्पन्न गंदगी शहरों व गाँवों में घरेलू अपशिष्ट जल से धोकर नालियों में बहा दिए जाते हैं, जो जल स्त्रोत से मिलकर प्रदूषण फैलाते है।	ऊ- अपशिष्ट पदार्थों का जल में मिलना जल प्रदूषण कहलाता है
जल प्रदूषण के दुष्परिणाम	दूषित जल कई प्रकार के जन जीवन को प्रभावित करते है लेकिन मुख्यत: मनुष्य विभिन्न बीमारियों जैसे: पीलिया, उल्टी दस्त बुखार, मलेरिया आदि का शिकार होते है। जल में उपस्थित मछली व अन्य जीव भी प्रभावित होते है।	विद्यार्थी ध्यान पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
जल प्रदूषण को रोकने व जल संरक्षण के उपाय	जल संरक्षण के लिए निम्न कार्य करना चाहिए। 1. वृक्षारोपण को बढ़ावा देना। 2. लघु बाँध निर्माण। 3. ड्रिप सिंचाई पद्धति से सिंचाई करना। 4. नल खुला न छोड़े।	विद्यार्थी ध्यान-पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।

